उत्तर प्रदेश शासन
उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-2
संख्या-22/2016/सीपी 594/84-2-2016-सीपी 9/2015
लखनऊ : दिनांक : 21 नवम्बर, 2016

कार्यालय ज्ञाप

श्री गजेन्द्र सिंह पुत्र श्री भद्रवीर सिंह, 1/36, सीए-10, संजय गांधी कालोनी, पीपल वाली गली, जी0सी0 रोड, अलीगढ की नियुक्ति शासन की अधिसूचना संख्या-15/2016/सीपी 463/84-2-2016-सीपी 9/2015, दिनांक 13 जून, 2016 द्वारा जिला उपभोक्ता फोरम, हाथरस में सामान्य सदस्य (पूर्णकालिक) पद पर की गयी थी।

2. निबन्धक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उ0प्र0 के पत्र संख्या-5364/ एससीडीआरसी/अधि 42/16, 19 अक्टूबर, 2016 में अवगत कराया गया कि श्री गजेन्द्र सिंह ने उन्हें अवगत कराया है कि उनका चयन शासकीय अधिवक्ता के पद पर हो जाने के कारण वे जिला फोरम, हाथरस के सामान्य सदस्य के पद से दिनांक 03.10.2016 के पूर्वान्ह से त्यागपत्र दिया है। अत: निबंधक, राज्य आयोग ने श्री गजेन्द्र सिंह, सामान्य सदस्य, जिला फोरम, हाथरस का त्यागपत्र दिनांक 03 अक्टूबर, 2016 के पूर्वान्ह से स्वीकार करने का अनुरोध किया है।

3. अत: श्री राज्यपाल एतद्द्वारा निबन्धक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उ0प्र0 के अनुरोध के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त जिला उपभोक्ता फोरम, हाथरस के सामान्य सदस्य (पूर्णकालिक) पद से श्री गजेन्द्र सिंह पुत्र श्री भद्रवीर सिंह, 1/36, सीए-10, संजय गांधी कालोनी, पीपल वाली गली, जी0सी0 रोड, अलीगढ द्वारा दिये गये त्यागपत्र को दिनांक 03 अक्टूबर, 2016 के पूर्वान्ह से स्वीकार करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

कुमार अरविन्द सिंह देव
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक यथोक्त।
प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) निबन्धक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उ0प्र0, सी-1, विक्रान्तखण्ड-1, गोमतीनगर, लखनऊ ।
(2) जिलाधिकारी, हाथरस ।
(3) कोषाधिकारी, हाथरस ।
(4) कार्यालय जिला उपभोक्ता फोरम, हाथरस (द्वारा निबन्धक, राज्य आयोग)।
(5) श्री गजेन्द्र सिंह पुत्र श्री भद्रवीर सिंह, 1/36, सीए-10, संजय गांधी कालोनी, पीपल वाली गली, जी0सी0 रोड, अलीगढ।
(6) गार्ड बुक ।

आज्ञा से,
प्रेम शंकर राय
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in